भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5215
उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2019

डिजिटल भारत कार्यक्रम में बीएसएनएल की भूमिका

5215. श्री चंद्र शेखर साहू; डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे; श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः
क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डिजिटल भारत कार्यक्रम में बीएसएनएल और अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं की भूमिका और हिस्सा क्या है; और
(ख) उक्त कार्यक्रम में बीएसएनएल की कम भागीदारी उपलब्धि यदि कोई हो, के क्या कारण हैं और उक्त में बीएसएनएल की भूमिका को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
संचार, विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रवि शंकर प्रसाद)

(क) और (ख) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी), डिजिटल संचार के लिए नेटवर्क की व्यवस्था करके डिजिटल भारत कार्यक्रम को सुगम बनाते हैं। बीएसएनएल मोबाइल, वायरलाइन, ब्रॉडबैंड और एफटीटीएच कनेक्शन प्रदान कर रहा है जिससे इस कार्यक्रम में सहायता प्राप्त होती है।

बीएसएनएल ने निम्नलिखित कदम भी उठाए हैं:

(i) शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बीएसएनएल ने अपने सभी लाइसेंस सेवा क्षेत्रों (एलएसए) में ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान कर दी हैं। शहरी क्षेत्र में बीएसएनएल उच्च गति के फाइबर टू-दी-होम (एफटीटीएच) कनेक्शन भी प्रदान कर रहा है।
(ii) भारतनेट परियोजना के तहत बीएसएनएल ने 102073 ग्राम पंचायतों (जीपी) में उच्च गति की ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाने का कार्य किया है।
(iii) बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं को मोबाइल द्वारा लेन-देन की सुविधा प्रदान करने के लिए एम-वॉलेट सेवा का शुभारंभ किया है।
(iv) इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और मशीन टू मशीन (एम2एम) सेवाओं के लिए लगभग 2 लाख ई-सिम उपलब्ध कराए गए हैं।

*****